Patrika (Indore), 20th June 2026, Page – 14 (Front Page – 06)

मोदी और मैक्रों ने किया उद्घाटन

फ्रांस में गूंजा आइआइटी इंदौर का नवाचार, दिखाई भारतीय तकनीक की ताकत

इंदौर. आइआइटी इंदौर ने फ्रांस के नीस शहर में आयोजित 'भारत इनोवेट्स 2026' सम्मेलन में शोध, नवाचार और अत्याधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन कर वैश्विक मंच पर भारत की वैज्ञानिक क्षमता को मजबूती से प्रस्तुत किया। 14 से 16 जून तक आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने किया। सम्मेलन में दुनियाभर के स्टार्टअप, निवेशक, उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षण संस्थान, नीति-निर्माता शामिल हुए। आइआइटी इंदौर ने दिखाया कि कैसे भारतीय शोध और नवाचार सामाजिक तथा औद्योगिक चुनौतियों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल में निदेशक प्रो. सुहास जोशी, अनुसंधान एवं विकास अधिष्ठाता प्रो. अभिरूप दत्ता, प्रियंका किम्मतकर और आइआइटी दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन की प्रतिनिधि सीए सलोनी महेश्वरी शामिल थीं। प्रतिनिधिमंडल ने कई देशों के शिक्षाविदों, निवेशकों से संवाद किया।

हेल्थकेयर और मेडटेक क्षेत्र में भी निभाई अहम भूमिका

आइआइटीआइ दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन ने सम्मेलन में हेल्थकेयर और मेडटेक क्षेत्र के समन्वयक के रूप में भूमिका निभाई। इस दौरान संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को मजबूत करने, स्वदेशी तकनीकों को बढ़ावा देने और शोध आधारित नवाचारों के व्यावसायीकरण की संभावनाओं पर भी काम किया। आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा कि भारत इनोवेट्स 2026 भारत की बढ़ती वैश्विक नवाचार क्षमता का प्रतीक है। ऐसे मंच भारतीय शोध और तकनीकों को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का अवसर देते हैं।